अभ्यास 1

दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द स्त्री जाति का बोध करा रहे हैं या पुरुष जाति का? लिखिए।

क. <u>दादीजी</u> खीर बना रही हैं। ______________

ख. <u>किसान</u> हल चला रहा है। ______________

ग. <u>शेरनी</u> शिकार कर रही है। ______________

घ. <u>मुरगी</u> दाना चुग रही है। ______________

लिंग के दो भेद होते हैं : **पुल्लिंग और स्त्रीलिंग**

पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
गुड्डा	गुड़िया
मुरगा	मुरगी
राजा	रानी
चींटा	चींटी
दूल्हा	दुल्हन

जिन शब्दों से पुरुष जाति का बोध होता है, वे **पुल्लिंग** कहलाते हैं। जैसे- गुड्डा, मुरगा, राजा, चींटा, दूल्हा आदि।

जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध होता है, वे **स्त्रीलिंग** कहलाते हैं। जैसे- गुड़िया, मुरगी, रानी, चींटी, दुल्हन आदि।

अभ्यास 2

दिए गए चित्रों को देखकर स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग शब्दों को अलग-अलग कीजिए।

चिड़िया

राजा

दुल्हन

बकरी

दादाजी

गुड्डा

B-DAC लर्निंग सिस्टम

Scanned by CamScanner

लिंग

दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए।

ऊपर दिए गए चित्र में–

क. लड़का गेंद से खेल रहा है।

ख. लड़की रस्सी कूद रही है।

ग. दादाजी अख़बार पढ़ रहे हैं।

घ. दादीजी स्वेटर बुन रही हैं।

इन वाक्यों में लड़का, दादाजी शब्द **पुरुष जाति** और लड़की, दादीजी शब्द **स्त्री जाति** का बोध करा रहे हैं।

स्त्री या पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्दों को **लिंग** कहते हैं।

Scanned by CamScanner